फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री बंशी लाल गुर्जर निवासी 189, रामपुरिया कुंदवा, अम्बा खेड़ा, कुंदवा, देवगढ़ जिला राजसमन्द

— अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द

— प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005

पत्रावली संख्या 64/2023

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 09.10.2023 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से जरिये क्रमांकः एफ.()सू0अ0,05/प्र. अपील/2023/669 दिनांक 13.09.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना संबंधी आवेदन पत्र दिनांक 29.07.2023 को सूचना के अधिकार अधिनियम,05 के ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से इस कार्यालय को 31.08.2023 को प्राप्त हुआ है। प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा चाही गयी इप्सित सूचना का अवलोकन करने पर इस कार्यालय द्वारा ऑनलाईन पोर्टल क्रमांक 5562011748 दिनांक 03.08.2023 को बिन्दु संख्या 01 के क्रम में सूचना का विवरण स्पष्ट नहीं होने के कारण सूचना तक पहुंच बनाना संभव नहीं है प्रार्थी को अनुरोध किया गया कि कार्यालय में कार्यालय दिवस को उपस्थित होकर आप द्वारा चाही गयी सूचना के संबंध में स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करे एवं बिन्दु संख्या 02 में इप्सित सूचना इस लोक प्राधिकरण की नहीं होकर अन्य प्राधिकरण से संबंधित होने से जोकि एक से अधिक अलग विभाग/प्राधिकरण की होने से आप भारत सरकार के ज्ञापन क्रमांक 10.02.2008 आई. आर. दिनांक 24.09.2021 की अनुपालना नियमानुसार पृथक से आपके स्तर से आवेदन सीधे ही संबंधित प्राधिकरण को कर वांछित सूचना प्राप्त करे। ऑनलाईन पोर्टल क्रमांक 5562011748 दिनांक 03.08.2023 से प्रार्थी को बिन्दु संख्या 01 व 02 के क्रम में जरिये ऑनलाईन सूचित किया गया किन्तु प्रार्थी द्वारा आज दिनांक तक बिन्दु संख्या 01 में कोई भी स्पष्ट विवरण संबंधी प्रार्थना पत्र इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं हुआ जिस कारण से सूचना उपलब्ध कराना संभव नहीं है।	

न्यायालय जिला कलक्टर

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई बिन्दु संख्या 01 व 02 की सूचना क्रमांक 5562011748 दिनांक 03.08.2023 से प्रार्थी को बिन्दु संख्या 01 व 02 के क्रम में जरिये ऑनलाईन सूचित किया गया किन्तु प्रार्थी द्वारा आज दिनांक तक बिन्दु संख्या 01 में कोई भी स्पष्ट विवरण संबंधी प्रार्थना पत्र इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया। जिस कारण से अपीलार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध नही करवायी जा सकी। अतः अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि बिन्दु संख्या 01 की वांछित सूचना के सबंध में स्पष्ट विवरण अंकित कर प्रार्थना पत्र पेश करें तथा बिन्दु संख्या 02 में इप्सित सूचना अन्य प्राधिकरण से संबंधित होने से नियमानुसार पृथक से आपके स्तर से आवेदन सीधे ही संबंधित प्राधिकरण को कर वांछित सूचना प्राप्त करे। उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद